# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/45 दिनांक 04/01/2013

## // अधिसूचना //

विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक पद्धति की मुख्य परीक्षा मार्च/अप्रैल 2013 के लिये **स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एच.एस.सी. प्रथम वर्ष (केवल पूरक द्वितीय अवसर के परीक्षार्थी) एवम् बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एच.एससी. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष (असंस्थागत/भूतपूर्व/पूरक द्वितीय अवसर के परीक्षार्थी)** तथा **स्नातकोत्तर – एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी.(गणित) उत्तरार्द्ध (फाइनल)** के (असंस्थागत/भूतपूर्व) परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैंः–

| विवरण | परीक्षा आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की तिथि |
|---|---|
| परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | **07.01.2013 से 24.01.2013 तक** |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | **25.01.2013 से 11.02.2013 तक** |
| परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 1000/– के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 12.02.2013 से<br>**परीक्षा प्रारम्भ होने के सात दिवस पूर्व तक** |
| विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा आवेदन पत्र अपडेट **(UPDATE)** करने के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | 18.02.2013 |

**<u>विशेष नोट</u>** :– मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार सत्र 2012–13 से स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एच.एससी. तथा स्नातकोत्तर – एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी.(गणित) के असंस्थागत परीक्षार्थियों की परीक्षाएँ सेमेस्टर पद्धति से संपन्न कराने के निर्देश प्रदान किये थे, जिसके परिपालन में विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एच.एससी. प्रथम सेमेस्टर दिसंबर–2012 एवम् स्नातकोत्तर – एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी.(गणित) प्रथम सेमेस्टर दिसंबर–2012 (असंस्थागत परीक्षार्थी) की परीक्षाएँ आयोजित कर संपन्न हो चुकी हैं।

**अतः इस वर्ष स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एच.एससी. प्रथम वर्ष (वार्षिक पद्धति) एवम् स्नातकोत्तर – एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी. (गणित) पूर्वार्द्ध (वार्षिक पद्धति) की परीक्षाएँ आयोजित नहीं होंगी।**

(1) स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नानुसार हैः–

| कक्षा का नाम | असंस्थागत/ भूतपूर्व परीक्षार्थी परीक्षा शुल्क | पूरक द्वितीय अवसर परीक्षा शुल्क प्रति विषय | |
|---|---|---|---|
| **स्नातक (UNDER-GRADUATE)** | | | |
| बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एच.एससी. प्रथम वर्ष (पूरक द्वितीय अवसर परीक्षार्थी हेतु) | – – | रुपये 550/– | |
| बी.ए./बी.कॉम. द्वितीय वर्ष (प्रायोगिक विषय के साथ) | रुपये 1640/– | रुपये 550/– | |
| बी.ए./बी.कॉम. द्वितीय वर्ष (बिना प्रायोगिक विषय के साथ) | रुपये 1240/– | रुपये 550/– | |
| बी.ए./बी.कॉम. तृतीय वर्ष (प्रायोगिक विषय के साथ) | रुपये 1990/– | रुपये 550/– | |
| बी.ए./बी.कॉम. तृतीय वर्ष (बिना प्रायोगिक विषय के साथ) | रुपये 1590/– | रुपये 550/– | |
| बी.एससी./बी.एचएस.सी. द्वितीय वर्ष | रुपये 1780/– | रुपये 550/– | |
| बी.एससी./बी.एचएस.सी. तृतीय वर्ष | रुपये 2130/– | रुपये 550/– | |
| **स्नातकोत्तर (POST-GRADUATE)** | | | |
| एम.ए. उत्तरार्द्ध (प्रायोगिक विषय के साथ) | रुपये 2060/– | –– | |
| एम.ए./एम.कॉम. उत्तरार्द्ध (बिना प्रायोगिक विषय के साथ) | रुपये 1660/– | –– | |
| एम.एस.सी. (गणित) उत्तरार्द्ध (फाइनल) | रुपये 2185/– | –– | |
| | | | |
| नोट :– इसके अतिरिक्त परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क 60/–रू0 नियमित परीक्षार्थी, 80/–रू0 भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थी एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रू0 तथा परीक्षा संचालन शुल्क 100/– रू0 प्रति परीक्षार्थी शुल्क लिया जाना है, जिसमें से 110/– रुपये की राशि चालान फार्म में से कम कर दी गयी है, जिसका भुगतान महाविद्यालय द्वारा छात्रों से लिया जावेगा। | | | |

**<u>कम्प्यूटर यूजर्स हेतु विशेष दिशा–निर्देश</u>**

ऑनलाइन परीक्षा संबंधी समस्याओं के समाधान के लिये महाविद्यालयों के कम्प्यूटर यूजर्स को विशेष दिशा–निर्देश जारी किये जा रहे हैं, जिन्हें अनिवार्य रूप से समस्त कम्प्यूटर यूजर्स अपनायें, जिससे परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र भरने संबंधी आ रही समस्याओं का निराकरण महाविद्यालय स्तर पर ही किया जा सकेः–

(1) उपर्युक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia पर उपलब्ध करा दिये गये हैं। संबंधित महाविद्यालय आवेदन–पत्रों को वेबसाइट से डाउनलोड कर छात्रों को वितरित करें तथा छात्रों के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाइट पर अपडेट करने के उपरांत अपडेट किये आवेदन–पत्रों की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकालकर अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में संबंधित कक्षा प्रभारी/कर्मचारी के पास निश्चित तिथि तक जमा करायें।

(2) **स्नातक – द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के परीक्षार्थी उसी महाविद्यालय से परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिस महाविद्यालय से उन्होंने गत्वर्ष अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण की है।**

(3) **स्नातक प्रथम वर्ष (केवल पूरक द्वितीय अवसर के परीक्षार्थियों) के लिये NEW EXAM FORM ऑप्सन की लाइनें खोल दी गयी हैं। 'न्यू एक्जाम फार्म' ऑप्सन से परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन भरें एवं 'प्रिन्ट एक्जाम फार्म' ऑप्सन से परीक्षा आवेदन–पत्र पत्र प्रिन्ट करें। ऐसे परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन नहीं भेजे गये हैं।**

(4) विश्वविद्यालय की परीक्षा संबंधी वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia.com में **New Exam Form** ऑप्सन प्रारम्भ कर दिया गया है, इस ऑप्सन के माध्यम से अगर किसी छात्र का परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन प्राप्त नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में इस ऑप्सन का उपयोग कर छात्र का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भर सकते हैं तथा **Print Exam Form** ऑप्सन से परीक्षा आवेदन–पत्र एवं चालान फार्म प्रिन्ट कर छात्रों को वितरित कर सकते हैं।

(5) समस्त प्राचार्यगण अपने कम्प्यूटर यूजर्स को विशेष दिशा–निर्देश जारी करें, जिसमें कहें कि परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन अपडेट करते समय समस्त जानकारियों को सही–सही अपडेट करें तथा छात्र–छात्राओं की हायर सेकेण्डरी की अंकसूची के आधार पर छात्र का नाम/पिता का नाम/माता का नाम आदि की स्पेलिंग अनिवार्य रूप चैक कर लें। साथ ही छात्र–छात्राओं का नामांकन क्रमांक, नवीनतम फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से अपडेट करें।

(6) प्राचार्यगण परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करते समय यह सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थी के द्वारा गत् वर्ष उत्तीर्ण की गयी परीक्षा की अंकसूची अनिवार्य रूप से संलग्न की गयी हो तथा परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने की पूर्ण पात्रता रखता हो।

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

C.Shinde

**परीक्षा नियंत्रक,**

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2013/46 दिनांक : 04/01/2013

प्रतिलिपि :–

1. संपादक महोदय, दैनिक ................................................................ की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

उप–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)